### सेवा संकल्प बाइक यात्रा का पुंजापुरा में स्वागत

# मुख्यमंत्री ने 35 लाख पेंशन हितग्राहियों को 212 करोड़ रुपये किए अंतरित





## प्रधानमंत्री ने बाइक यात्रियों से किया वर्चुअल संवाद, मुख्यमंत्री ने कहा– सेवा और राष्ट्रभाव के साथ आगे बढ़ रहा प्रदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को देवास जिले के पुंजापुरा में सेवा संकल्प बाइक यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 35 लाख 42 हजार हितग्राहियों के खातों में 212 करोड़ 57 लाख रुपये अंतरित किए।

मुख्यमंत्री ने बाइक यात्रा में हिस्सा लिया, मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया। उन्होंने बाइक यात्रियों के साथ पौधरोपण भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा संकल्प बाइक यात्रा में शामिल यात्रियों से वर्चुअल संवाद किया। शाजापुर जिले के निवासी दीपेश गोटी ने प्रधानमंत्री से यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान युवाओं को विभिन्न राज्यों की भाषाओं और संस्कृतियों को जानने का अवसर मिल रहा है। रास्ते में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की जा रही है और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को नमो ऐप से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सेवा, जनसंवाद और राष्ट्रीय एकता से जुड़े संदेश यात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं।

### किसान, महिला और युवाओं के कल्याण का उल्लेख

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचित कृषि भूमि का रकबा 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा गया। लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकारी प्राथमिक स्कूलों में छोड़ने की दर शून्य हो गई है और स्कूल शिक्षा का बजट 38 हजार करोड़ रुपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 18 हजार पुलिस पदों पर भर्ती और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र से 1.20 करोड़ लोगों को रोजगार मिलने की जानकारी भी दी।

### फर्जी प्रमाणपत्र से एमबीबीएस दाखिले का मामला...

# तीसरा एजेंट भोपाल से गिरफ्तार

- 5.58 लाख रुपये कमीशन की राशि बरामद
- 45 लाख रुपये में सीट दिलाने की करते थे डील

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उत्तराखंड में नीट-यूजी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे के फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर एमबीबीएस में दाखिले के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी धीरज कुमार श्रीवास्तव भोपाल का निवासी है।

पुलिस ने उसके पास से कमीशन के 5.58 लाख रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि वह फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए एमबीबीएस में दाखिला दिलाने वाले गिरोह में एजेंट के रूप में काम करता था। गिरोह अभ्यर्थियों से एक सीट के लिए 45 लाख रुपये तक की डील करता था। इस मामले में पुलिस पहले रूपेश पंडित और अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी और रूपेश पंडित की निशानदेही पर धीरज को भोपाल से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, धीरज को कमीशन के तौर पर 5.58 लाख रुपये मिले थे। वहीं, रूपेश पंडित के घर से भी आठ लाख रुपये बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि तीन अभ्यर्थियों के परिवारों से 20-20 लाख रुपये अग्रिम लिए गए थे। विशेष जांच दल अब गिरोह से जुड़े अन्य एजेंटों और फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों की भूमिका की जांच कर रहा है। तीन सितंबर को मामला सामने आया था। जांच में चार छात्राओं के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। सभी ने एक ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्मवीर वर्मा के नाम का इस्तेमाल किया था। सरकारी अभिलेखों में धर्मवीर वर्मा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसके बाद प्रमाणपत्र और उनके आधार पर हुए एमबीबीएस दाखिले निरस्त कर दिए गए। 13 सितंबर को रायपुर और क्लेमेंट टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# बीएससी नर्सिंग के 15 हजार विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित

- उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में जारी हुए परिणाम
- करीब 28 हजार विद्यार्थियों की परीक्षा जल्द

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राज्य शासन के लिए छात्र हित सर्वोपरि है। नर्सिंग विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए शासन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए शासन ने उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग के 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इनमें बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा और तृतीय वर्ष की जनवरी 2026 में आयोजित परीक्षा के परिणाम शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 28 हजार विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा भी जल्द आयोजित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन विद्यार्थियों की शिक्षा और उनके भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है तथा छात्र हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# लोया और डाबी आज संभालेंगे पदभार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया और सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी शिवराज सिंह डाबी 25 सितंबर, शुक्रवार को पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में दोनों पदाधिकारी विधिवत रूप से अपने दायित्व संभालेंगे। इससे पहले बृजगोपाल लोया और शिवराज सिंह डाबी भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# रूप कुमारी चौधरी का विमानतल पर स्वागत

### भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भोपाल पहुंचीं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भोपाल आगमन पर गुरुवार को विमानतल पर स्वागत किया गया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे सहित मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष



माया पटेल, प्रदेश महामंत्री ज्योति सिंह राजपूत और स्वप्ना वर्मा, आइटी प्रभारी सुधा सुखयानी, भावना सिंह, शोध एवं नीति विभाग की प्रदेश संयोजक साक्षी भारद्वाज सहित इंदु चौधरी, ललिता पूर्विया और विमला तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर रूप कुमारी चौधरी का अभिनंदन किया। विमानतल पर महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।

## चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन राज्य सरकार ही करेगी

भोपाल : राज्य शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ऐसे चिकित्सा महाविद्यालय, जिनका निर्माण राज्य शासन द्वारा किया गया है अथवा जो राज्य शासन के मद से निर्माणाधीन हैं, उनका संचालन एवं संधारण राज्य शासन द्वारा ही किया जाएगा। राज्य शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी पद्धति पर संचालन के लिये नहीं दिया जाएगा।


## मुख्यमंत्री ने दी बधाई


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियाई खेल-2026 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। मार्शल आर्ट के महिला 60 किलोग्राम वर्ग में नाओरेम रोशिबिना देवी ने रजत पदक, जबकि पुरुष डबल स्कल्स में सतनाम सिंह और सलमान खान ने कांस्य पदक जीता।




### • जाने का रास्ता तो पता, पर...

पिछले दिनों एक बड़े साहब के घर पर जो घटना हुई, उसकी चर्चा मुख्यालय से हर क्षेत्र तक फैली हुई है। हाथ साफ करने वालों में कोई भेदी ही हो सकता है, क्योंकि जाने का तो सबको पता है, पर आने की खबर तो किसी अपने को ही होगी।







### • काम किसी का करें कोई और...

एमपी अजब है, यहां के काम गजब हैं। पिछले दिनों एक रिहायशी कॉलोनी में अवैध उत्खनन करती हुई जेसीबी जब्त की गई थी। कॉलोनी के ही रहवासियों को जेसीबी की देखरेख सौंपकर थाना स्टाफ निश्चिंत हो गया, लेकिन अचानक जेसीबी गायब हो गई। ढूंढना पुलिस को चाहिए, लेकिन कॉलोनी निवासी रात-दिन जेसीबी ढूंढने में लगे हैं। एक जगह जेसीबी की उपस्थिति के फोटो भी मिले, लेकिन जब कॉलोनी निवासी पहुंचे तो जेसीबी गायब।

### • कौन किसको बचा रहा है...

पिछले दिनों एक कैचमेंट एरिया में प्लाट्स काटने की शिकायतों ने व्यक्तिगत रंजिश को भड़का दिया। एक घर पर कुछ विरोधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। गेट पर गोलियों के निशान 11, जबकि पुलिस की कार्रवाई में 4 खोखे बरामद होना बताया गया है। इस मामले में ऐसी चर्चा है कि पुलिस कमिश्नर के दखल के उपरांत मामले में गति आई है।



### • दिल के अरमां आंसुओं में बह गए...

पिछले कुछ दिनों से एक संभाग में बड़े साहब का पद खाली पड़ा था। मुख्यालय में बैठे कुछ रसूखदार अपनी-अपनी जुगाड़ लगा रहे थे, लेकिन एक समय में किसी की नाक का बाल रहे साहब को अचानक मौका मिला तो सारे रसूखदार अपनी किस्मत को कोसने के अलावा कोई और रास्ता नहीं निकाल पा रहे हैं।

### • तमाम प्रयासों पर पानी...

पिछले दिनों एक बड़े साहब अपनी दूर पदस्थापना को राजधानी के नजदीक करवाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरी कोशिश कर रहे थे, लेकिन उसके बाद भी सफलता नहीं मिली। साहब के प्रयासों पर पानी फेर दिया।





### • मैडम जी, सावधानी बरतें...

पिछले कुछ दिनों से कुछ महिला अधिकारियों पर कार्रवाई और बदनामी के चलते राजधानी से लगे हुए जिले की एक मैडम से उनकी ही अधीनस्थ महिला अधिकारी ने सुझाव दिया कि मैडम जी, आजकल दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं, थोड़ा सावधानी बरतने की जरूरत है।

## उच्चदाब उपभोक्ताओं के लिए एकल लॉगिन सुविधा शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उच्चदाब उपभोक्ताओं के लिए एकल लॉगिन एवं सेवा पोर्टल शुरू किया है। इसके माध्यम से उपभोक्ता एक ही लॉगिन पहचान और पासवर्ड से विभिन्न विद्युत सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। पोर्टल पर बिल भुगतान, रसीद, पिछले 12 माह के बिल, भुगतान विवरण, हरित ऊर्जा प्रमाण-पत्र, प्रपत्र-16, टीडीएस प्रमाण-पत्र और मीटर रीडिंग डाउनलोड की सुविधा है। बिल एवं विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत दर्ज करने के साथ भार और नाम परिवर्तन जैसी सेवाएं भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं। पंजीकरण के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एक बार उपयोग होने वाले संकेतांक का सत्यापन आवश्यक होगा।

### हाईकोर्ट ने सरकार को दिए चार सप्ताह

## 70 हजार शिक्षकों को मिल सकता है 10 साल का एरियर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को पहली नियुक्ति की तारीख से सेवा अवधि जोड़ने के मामले में राहत मिल सकती है। जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। इससे शिक्षकों को वरिष्ठता, वेतनवृद्धि, पेंशन और अन्य सेवा लाभ मिल सकते हैं। अगली सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

अवमानना याचिका पर न्यायमूर्ति दीपक खोट की एकलपीठ में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से आदेश के पालन के लिए समय मांगा गया, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने 24 अगस्त 2026 को खारिज कर दिया था। शिक्षकों का कहना है कि छठा वेतनमान एक जनवरी 2006 से लागू हुआ था, लेकिन उन्हें इसका लाभ 2016 से दिया जा रहा है। पहली नियुक्ति से सेवा अवधि जोड़ने पर 2006 से वेतनमान का लाभ मिलने का दावा है। इससे करीब 10 साल का बकाया बन सकता है।

शिक्षकों के अनुसार प्रत्येक शिक्षक को करीब सात से आठ लाख रुपये तक मिल सकते हैं। 12 प्रतिशत ब्याज मिलने की बात भी सामने आई है। इससे मासिक वेतन में करीब 15 से 20 हजार रुपये तक का अंतर पड़ सकता है। राजेश पांडेय समेत 497 शिक्षकों ने इस मामले में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि 2018 से पहले की शिक्षकीय सेवा को संविलियन के लिए मान्यता नहीं दी गई। शिक्षकों ने पहली नियुक्ति से सेवा अवधि जोड़ने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट से विशेष अनुमति याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई।

# पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में नौ हजार विद्यार्थियों के लिए आधुनिक मेस शुरू

### 106 जिला स्तरीय छात्रावासों में सुविधा का लोकार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 106 जिला स्तरीय पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में 9000 विद्यार्थियों के लिए आधुनिक मेस सुविधा का लोकार्पण किया।

मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। आधुनिक मेस पर 8 करोड़ 61 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के कल्याण के लिए पिछले लगभग डेढ़ दशक में 13,500 करोड़ रुपये की सहायता राशि खर्च की गई है। इस अवधि में पांच करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने इंदौर, शाजापुर, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, सतना और अशोकनगर के छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं से भी चर्चा की। छात्राओं ने आधुनिक मेस सुविधा शुरू होने से भोजन की व्यवस्था में होने वाली कठिनाइयां कम होने की बात कही। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने बताया कि टर्नकी परियोजना के तहत छात्रावासों में आधुनिक रसोई और भोजन कक्ष की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि इससे छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सकेगा। प्रदेश में करीब 9000 पिछड़ा वर्ग छात्रावास सीटें हैं, जिनमें 5200 बालकों और 3800 बालिकाओं के लिए सीटें हैं। जिला स्तरीय पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में पहली बार मेस व्यवस्था शुरू की गई है।

### उद्घाटन — महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए नेहरू नगर में वात्सल्य झूलाघर शुरू

# 60 बच्चों की क्षमता वाले केंद्र का डीजीपी मकवाणा ने किया शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर में महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए नवनिर्मित वात्सल्य झूलाघर का शुभारंभ किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने केंद्र का उद्घाटन किया। 60 बच्चों की क्षमता वाले इस झूलाघर से ड्यूटी के दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल में सुविधा मिलेगी।



पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस विभाग में महिला आरक्षक, महिला उपनिरीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न पदों पर महिलाएं जिम्मेदारियां निभा रही हैं। वर्तमान में पति-पत्नी दोनों के नौकरीपेशा होने की स्थिति भी सामान्य है। बदलती पारिवारिक परिस्थितियों में छोटे बच्चों की देखभाल महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है।

उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा की प्रकृति के कारण कई बार कर्मचारियों को लंबी अवधि तक और देर रात तक ड्यूटी करनी पड़ती है। त्योहारों के दौरान भी पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में झूलाघर जैसी सुविधा बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के साथ कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पर बेहतर ढंग से ध्यान केंद्रित करने में सहयोग करेगी।

कैलाश मकवाणा ने कहा कि बच्चों की उचित देखभाल की व्यवस्था पुलिस परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा है। इससे विशेष रूप से महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पारिवारिक तथा व्यावसायिक दायित्वों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सकेंगी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवारों के लिए गरबा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक भी हुई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com